>Title: Need to open six computer reservation counters at Meerut City Railway Station, Uttar Pradesh.

श्री अमर पाल सिंह (मेरठ): अध्यक्ष महोदय, मेरठ सिटी रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में तीन कम्प्यूटर आरक्षण केन्द्र चल रहे हैं। मेरठ व्यापारिक, औद्योगिक दृष्टि से बहुत बड़ा केन्द्र है और मेरठ में बहुत बड़ा केन्टोनमैंट एरिया है। मेरठ रेलवे स्टेशन पर पूछताछ का कोई काउंटर न होने के कारण से लोगों को पांच-पांच घंटे लाइन में लगना पड़ता है और बाद में उनको पता चलता है कि उक्त ट्रेन में आरक्षण समाप्त हो चुका है। इस कारण से लोगों को व सैनिकों को भारी असुविधा होती है। मेरठ सिटी रेलवे स्टेशन से लगभग १५०० आरक्षण प्रतिदिन के हिसाब से हो रहे हैं।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरठ सिटी की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए मेरठ में वर्तमान के तीन आरक्षण केन्द्रों के अतिरक्त तीन और कम्प्यूटर आरक्षण केन्द्र तथा एक पूछताछ केन्द्र, जिनमें दूसरा वी.आई.पी. महिलाओं और विकलांगों तथा तीसरा जनता के लिए खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान कर उन्हें जल्दी से जल्दी चालू कराये जाने का कष्ट करें।